


# सांध्य दैनिक 4PM
जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 10 ● अंकः 113 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, सोमवार, 27 मई, 2024

मूल्य ₹ 3/-




शिक्षा सबसे अच्छी मित्र है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है। शिक्षा सौंदर्य और यौवन को परास्त कर देती है।

-चाणक्य


बीजेपी के इशारे पर हमारी... 7 | सातवें चरण से पहले फिर सजा... 3 | पश्चिम से बढ़ा गुस्सा पूर्व में चरम... 2


# अंतिम किला भेदने के लिए सियासी दलों ने तेज किया चुनावी प्रचार

## ❯ कांग्रेस ने और तीखे किए प्रहार ❯ मोदी, शाह व नड्डा ने कसी कमर


» 1 जून को होने हैं सातवें चरण के मतदान

» राहुल, प्रियंका व खरगे ने संभाला मोर्चा

» मोदी व शाह की कई रैलियां

4पीएम न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के अंतिम किले को भेदने के लिए सभी सियासी पार्टियों ने अपने सभी अस्त्र-शस्त्र और चुस्त कर लिए हैं। सातवां व अंतिम दौर का मतदान 1 जून को होना है। इस चरण के लिए प्रचार का अंतिम दिन 30 मई निर्धारित है इससे पहले कांग्रेस व भाजपा ने अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। आने वाले तीन - चार दिनों में राहुल गांधी, मोदी से लेकर सभी बड़े नेता चुनावी वाले राज्यों में ताबड़तोड़ रोड़शो, रैलियां व जनसंभाएं करने को तैयार हैं। इस दौर में यूपी समेत कई राज्यों की 55 सीटों पर वोटिंग होनी है।



वहीं कांग्रेस व बीजेपी में एक-दूसरे पर पलटवार जारी है। भले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मौजूदा लोकसभा चुनाव 2024 में बड़ी संख्या के साथ वापसी करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है, भगवा पार्टी आखिरी चरण के चुनाव में मतदाताओं के बीच शीर्ष पर बने रहने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## राहुल-अखिलेश व खरगे भी करेंगे कई सभाएं

चुनावी राज्यो में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व प्रियंका समेत ममता, केजरीवाल व अखिलेश भी अपने प्रचार को अभिया तेज करेंगे। वाराणसी जिले के मोहनसराय गंगापुर मार्ग पर 28 मई को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा होगी। कांग्रेस और सपा नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



कर मजबूत बैरिकेडिंग बनाने की हिदायत दी। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय, सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल आदि पहुंचे। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल का रोड शो 28 मई को गोलगड्डा से शुरू होगा। रोड शो पीलीकोठी, आदमपुर, विश्वेश्वरगंज, मैदागिन, कबीरचौरा, बेनियाबाग, नई सड़क होते हुए रेवड़ी तालाब पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि पार्टी की नेता पल्लवी पटेल सोमवार को सेवापुरी और रोहनिया विधानसभाओं में नुक्क ड़ सभाएं करेंगी।

## मोदी भ्रष्टाचार का सेंटर हैं : राहुल

नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार का सेंटर हैं और पंजाब और महाराष्ट्र में जो हालात नरेंद्र मोदी ने बनाए हैं। अब वहां के भाजपा के नेता भी भाग-भागकर अपनी जान बचा रहे हैं, क्योंकि 700 किसान अपने हक के लिए शहीद हो गए, उन्हें आज तक शहीद का दर्जा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार देश में बनने के बाद किसानों, बेरोजगारों और गरीबों के उत्थान के लिए काम किया जाएगा और जो जनविरोधी फैसले नरेंद्र मोदी की सरकार ने लिए हैं, उन्हें फाड़कर रद्दी में फेंक दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और 6 विधानसभा की सीटें कांग्रेस जीतेगी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। इधर, नाहन में राहुल गांधी ने कहा कि मोदी, अडाणी के कारण सेब के सही दाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने सभी सुविधाएं केवल एक व्यक्ति को दे दी हैं और वह व्यक्ति जब भी चाहे सेब के दामों को नियंत्रित कर सकता है। हिमाचल में सेब को नियंत्रित किया जा रहा है और मुंबई और लखनऊ में एयरपोर्ट। 7 एयरपोर्ट एक व्यक्ति को पकड़ा दिए। जब आपदा के बाद हिमाचल के लोगों को केंद्र सरकार की जरूरत थी तब यहां हिमाचल की सरकार को तोड़ने और चोरी करने का काम किया गया।

## 1 जून के बाद आगे की रणनीति बनाएंगे सभी राजनैतिक दल

लोकसभा चुनाव 2024 के ढाई महीने, जो 19 अप्रैल को पहले चरण के साथ शुरू हुए, 1 जून को होने वाले अंतिम चरण के मतदान के साथ समाप्त हो जाएंगे। सभी पार्टियां के इसके बाद फिर आगे की रणनीति के लिए चर्चा करेंगी। चुनाव के अंतिम चरण में आठ राज्यों की कुल 55 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसमें पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्य शामिल हैं, जहां सभी सात चरणों में मतदान हो चुका है। इसी चरण में काशी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होगा, जहां से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 2014 और 2019 दोनों में लोकसभा के लिए चुने गए हैं।

## मोदी सरकार में सिर्फ 22 लोगों के सपने ही पूरे हुए

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपए कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपए नही दे सके। श्री गांधी ने कहा कि प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को कब्जाने की कोशिश की। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था।

## भाजपा को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका

# टीएमसी के खिलाफ विज्ञापन मामले में सुनवाई से इनकार

» बीजेपी ने कहा था- हाईकोर्ट ने नहीं सुना था उसका पक्ष

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। विज्ञापन पर रोक के मामले में बीजेपी को सोमवार )27 मई, 2024) को बड़ा झटका लगा। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल बीजेपी की याचिका सुनने से मना कर दिया और कलकत्ता हाईकोर्ट में बात रखने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि विज्ञापन पहली नजर में अपमानजनक लगते हैं। अभी जब हाईकोर्ट में सुनवाई लंबित है तो आप वहां अपनी बात रखिए।



सुप्रीम कोर्ट से झटका लगने के बाद बीजेपी ने अपनी याचिका वापस ले ली है। दरअसल, बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के खिलाफ अपने विज्ञापन पर कलकत्ता हाईकोर्ट की रोक को चुनौती दी थी। ये मामला चुनावों के दौरान उठा था। बता दें चार जून को ही लोकसभा चुनाव का परिणाम आएगा। अभी तक आम चुनाव को लेकर छह चरण हो चुके हैं और आखिरी चरण के लिए 1 जून को मतदान होगा। एक तरफ बीजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है तो दूसरी तरफ कांग्रेस, टीएमसी और आम आदमी पार्टी सहित कई दलों वाला विपक्षी गठबंधन इंडिया है। बीजेपी का कहना था कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने बिना उसका पक्ष सुने एकतरफा आदेश दे दिया है। राज्य सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले यह विज्ञापन तथ्यों पर आधारित है।

### टीएमसी का आरोप- भाजपा ने सच्चाई को छुपाया

टीएमसी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि विज्ञापन में हमारी पार्टी और कार्यकर्ताओं के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं, इसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है।


### कलकत्ता हाईकोर्ट ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना था

कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 20 मई को बीजेपी को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इसके खिलाफ बीजेपी ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन यहां भी उसे राहत नहीं मिली।

## केजरीवाल ने याचिका दायर कर अंतरिम जमानत की अवधि 7 दिन बढ़ाने की मांग की

चिकित्सा आधार पर विस्तार की अपील की

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक याचिका दायर कर अपनी अंतरिम जमानत सात दिन बढ़ाने की मांग की। विवरण के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने चिकित्सा आधार पर विस्तार की मांग की है। अपनी याचिका में केजरीवाल ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद से उनका वजन 7 किलो कम हो गया है। उन्होंने यह भी



कहा कि उनका कीटोन लेवल बहुत ज्यादा है जो गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। उन्होंने अपने कुछ मेडिकल टेस्ट कराने के लिए कोर्ट से अपनी जमानत की अवधि 7 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि मुख्यमंत्री को कुछ मेडिकल परीक्षणों से गुजरना होगा और इस उद्देश्य के लिए अंतरिम जमानत, जो 1 जून को समाप्त हो रही है, को बढ़ाया जाना चाहिए। पार्टी ने आगे बताया कि डॉक्टरों ने आप संयोजक को पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी और कंप्यूटेड टोमोग्राफी (पीईटी-सीटी) स्कैन और कुछ अन्य मेडिकल टेस्ट कराने की सलाह दी थी, जिसके कारण केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की है।

# पश्चिम से बढ़ा गुस्सा पूर्व में चरम पर: अखिलेश

## » बोले- 400 का नारा दे रहे थे वह 400 से हार कर जाएंगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बलिया। सपा मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान भाजपा की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। सलेमपुर लोकसभा सीट के बेल्थरारोड स्थित जीएमएएम इंटर कॉलेज मैदान में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि पश्चिम से हवा चली थी।

सातवें चरण में ज्यादा उत्साह से इंडी गठबंधन तेजी से आगे बढ़ रहा है। जो 400 का नारा दे रहे थे, वह 400 से हार कर जाएंगे। जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इस गुस्से का सामना भाजपा नहीं कर पाएगी। झूठे वादे करने वाले छठे चरण में 400 से हार रहे हैं। 140 सीटें जीतने जा रहे हैं। देश की जनता 140 पर इन्हें समेट देगी।



### बीजेपी ने झूठ बोल कर सत्ता हथियाया

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों से झूठ बोल कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा किसानों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य भी नहीं दिलवा सकी। खाद में चोरी की गई। जिस तरह से बड़े-बड़े उद्योगपति भारत छोड़ कर चले गए उसी तरह से नैनो यूरिया वाले भी देश छोड़ कर चले जाएंगे। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों का कर्ज माफ होगा। किसानों की एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार में 10 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। गरीबों पर भाजपा की सरकार बुलडोजर चलवा देती है, लेकिन पेपर लीक करने वालों पर बुलडोजर नहीं चला। जो नौजवान नौकरी के लिए तैयारी करते थे, इस सरकार ने चार साल की अग्निवीर की व्यवस्था कर नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था को समाप्त कर स्थायी नौकरी दी जाएगी।

## कल काशी में हुंकार भरेंगे राहुल व अखिलेश

### राहुल-अखिलेश की जनसभा, ओवैसी-पल्लवी के रोड शो की भी तैयारी

वाराणसी। वाराणसी जिले के मोहनसराय गंगापुर मार्ग पर 28 मई को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा होगी। कांग्रेस और सपा नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर मजबूत बैरिकेडिंग बनाने की हिदायत दी। कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय, सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल आदि पहुंचे। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल का रोड शो 28 मई को गोलगड्डा से शुरू होगा। रोड शो पीलीकोठी, आदमपुर, विश्वेश्वरगंज, मैदागिन, कबीरचौरा, बेनियाबाग, नई सड़क होते हुए रेवड़ी तालाब पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि पार्टी की नेता पल्लवी पटेल सोमवार को सेवापुरी और रोहनिया विधानसभाओं में नुक्क ड़ सभाएं करेंगी।

### संविधान बदलने वालों को आप लोग बदल दें

पूर्व सीएम ने कहा कि युवाओं की नौकरी छीनने के बाद ये लोग अब संविधान भी छीनना चाहते हैं। संविधान बदलने वालों को आप लोग बदल दें। लखनऊ और दिल्ली वालों की अब भाषा बदल गई है। जब किसी का आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है तो उनकी जबान भी लड़खड़ाने लगती है। अब कुछ भी बोलना शुरू कर दिया है। इन्होंने वैक्सीन लगवाई। कर्मचारियों को जबरदस्ती लगवा दी। इंसान की जिंदगी को खतरे में डाल दिया। जिस कंपनी से वैक्सीन बनवाई, उससे चुनाव में चंदा वसूल लिया। अखिलेश ने जन समूह से पूछा इन्होंने महंगाई बढ़ाई की नहीं। भीड़ ने उत्तर दिया हां। कहा कि चुनाव से पहले राशन, नमक, तेल दे रहे थे। अब इनके राशन की क्वालिटी घटिया हो गई है। हमारी सरकार बनने पर आटा के साथ डाटा भी फ्री देंगे। सरकारी नौकरी के 30 लाख पद खाली पड़े हैं। हम नौजवानों को पक्की नौकरी देंगे। इन्हें आरक्षण के साथ खिलवा? नहीं करने देंगे। हम आरक्षण के साथ नौकरी देंगे। शिक्षामित्रों व 69 हजार अभ्यर्थियों की मदद करेंगे। इन लोगों ने किसानों को संकट में डाल दिया है।

### पूर्व सीएम के मंच तक पहुंचा युवक, एसपीजी ने दबोचा

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कटरिया में आयोजित जनसभा में सुरक्षा को धता बताकर कार्यकर्ताओं ने जमकर उत्पात किया। पूर्व सीएम के मंच पर आते ही उतावले युवाओं ने सुरक्षा में लगी बैरिकेडिंग तोड़ मंच की तरफ जाने का प्रयास किया। पुलिस ने डंडा भांजकर व रस्सा लगाकर भीड़ को कंट्रोल करना पड़ा। समाजवादी गाने पर कार्यकर्ता व युवा और बेकाबू हो गए। पुलिस को उन्हें कंट्रोल करने में काफी परेशानी हुई। इस बीच पुलिस की सुरक्षा में सेंध लगाकर एक युवक सामने से बैरिकेडिंग लांघ कर मंच पर चढ़ने गया। मंच के नीचे मुस्तैद एसपीजी के जवानों ने उसे दबोच लिया। पुलिस मूकदर्शक बनी रही। एसपीजी ने पुलिस के हवाले युवक को कर दिया, लेकिन वह उनसे हाथ छुड़ा भीड़ की तरफ चला गया। पुलिस जवान तैनात होने के बावजूद पंडाल के ऊपर आधा दर्जन से युवा चढ़कर नारेबाजी करते रहे।

# बिहार के लोगों को भ्रमित कर रहे पीएम: तेजस्वी

## » मोदी को खुला पत्र लिखकर दीं पांच चुनौतियां

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे पर चिंता जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखकर पीएम नरेंद्र मोदी को पांच चुनौतियां दी। इनमें देश में जातीय गणना, आरक्षण का दायरा 75 प्रतिशत, प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और मुस्लिम समुदाय की जातियों को आरक्षण देने जैसे मुद्दे शामिल हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनावी मौसम में ही आप बिहार आते है कल आप फिर बिहार आए और एक बार फिर आपने सभी लोगों को भ्रमित करने की असफल कोशिश की। तेजस्वी यादव ने लिखा कि मैं आपके समक्ष कुछ बातें रखना चाहता हूं।

प्रधानमंत्री जी! आपको याद होगा कि बिहार से हम सब अगस्त 2021 में आपके पास जातिगत जनगणना की मांग को लेकर आए थे और आदरणीय नीतीश जी की जदयू समेत और भी दल मेरी इस मांग के पक्ष में थे। जातिगत जनगणना का प्रस्ताव मेरी ही पहल पर सर्वसम्मति से बिहार विधानसभा में पास कराया गया। हम सभी ने मिलकर आपसे जातिगत जनगणना की मांग की थी लेकिन आपने एकदम हमारी यह मांग ठुकरा दी थी। हम सबको पीड़ा हुई आपकी संवेदनशून्यता से लेकिन क्या ही कहें।



### अपने पद की गरिमा का ख्याल रख विमर्श को ऊंचा रखें प्रधानमंत्री

तेजस्वी ने पीएम मोदी के बिहार दौरे पर हमला बोलते हुए कहा कि आज आप बिहार आये और यहां आ कर के आप जितनी कुछ आधारहीन, तथ्यहीन और झूठी बातें कर सकते थे, आपने की। अब आपसे अपेक्षा नहीं है कि आप अपने पद की गरिमा का ख़्याल रख विमर्श को ऊंचा रखेंगे। लेकिन आज आप भैंस, मंगलसूत्र के रास्ते होते हुए %मुजरा% तक की शब्दावली पर आ गए। सच कहूं तो हमें आपकी चिंता होती है। क्या इस विशाल ह्रदय वाले देश के प्रधानमंत्री जी कि भाषा ऐसी होनी चाहिए? आप सोचिए और निर्णय कीजिए मुझे और कुछ नहीं कहना है।




# फडणवीस और शाह ने गडकरी के खिलाफ काम किया: राउत

## मुखपत्र सामना में लेख से भाजपा पर साधा निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नागपुर। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में नितिन गडकरी को हराने के लिए काम किया। राउत के दावे पर भाजपा और नागपुर से कांग्रेस उम्मीदवार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राउत ने आरोप लगाया कि फडणवीस को जब एहसास हुआ कि नागपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे गडकरी को नहीं हराया जा सकता, तो उन्होंने उनके लिए अनिच्छा से प्रचार किया। नागपुर भाजपा के दोनों नेताओं का गृहनगर है। उन्होंने लिखा, मोदी, शाह और फड़नवीस ने नागपुर में गडकरी की हार के लिए काम किया। उन्होंने पार्टी के मुखपत्र सामना में एक लेख में लिखा, मोदी, शाह और फडणवीस ने नागपुर में गडकरी की हार के लिए काम किया।

नागपुर में आरएसएस के लोग खुलेआम कह रहे हैं कि फडणवीस ने गड़करी को हराने में विपक्ष की मदद की। भाजपा एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है। जिन लोगों ने हमेशा गुटबाजी की राजनीति की है, वे पारिवारिक बंधनों को कभी नहीं समझ पाएंगे। मोदी, शाह, योगी आदित्यनाथ, गडकरी और फडणवीस भाजपा के परिवार का हिस्सा हैं। हम हमेशा पहले राष्ट्र, फिर पार्टी और सबसे बाद में स्वयं के सिद्धांत पर काम करते हैं।



### सीएम ने बांटे करोड़ों रुपए

शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हर निर्वाचन क्षेत्र में करोड़ों रुपए बांटे और उनकी मशीनरी ने अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए काम किया। राउत पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, उन्हें ये आरोप लगाने में इतने दिन क्यों लगे? हम सभी राजग का हिस्सा है। मै मुंबई में नाला सफाई अभियान में व्यस्त हूं। जिन लोगों ने सड़क मरम्मत कार्य और सफाई के नाम पर भारी रकम हड़प ली, उन्हें हमें सिखाने की कोशिश नही करनी चाहिए। मुझे पता है कि उन्होंने (अविभाजित शिवसेना नियंत्रित बीएमसी) मुंबई में विभिन्न कार्य करने की आड़ में क्या किया।

### कांग्रेस उम्मीदवार ने जताई आपत्ति

नागपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे ने कहा कि राउत ने अतीत मे गडकरी की प्रशंसा की थी और उन्होंने अपने लेख में दावा किया है कि भाजपा नेता लोकसभा चुनाव जीतेंगे, इसलिए फडणवीस ने उनके लिए अनिच्छा से प्रचार किया। ठाकरे ने कहा, उन्हें (राउत) कैसे पता है कि गडकरी जी चुनाव जीत रहे हैं? क्या वह कोई ज्योतिषी है? जब वह महा विकास आघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा है, तो उन्हें गडकरी के प्रति प्यार को अपने घर तक रखना चाहिए। उन्होंने कहा, खुलेआम गडकरी के पक्ष में लिखकर शिवसेना (यूबीटी) नेता एमवीए को नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होंने कहा, हम कई वर्षों से भाजपा के खिलाफ लड़ रहे है, और हमें राउत जी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही है। उन्हें लेख लिखने से पहले नागपुर की स्थिति को समझना चाहिए था। एमवीए के एक नेता के रूप में, उन्हें ऐसे बयान नही देने चाहिए।


# सीएम नीतीश कुमार की जुबान फिर से फिसली

## मोदी को पीएम नहीं सीएम बनाना है बोल गए

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना।लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जुबान एक बार फिसल गई। सीएम पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां में रविशंकर प्रसाद के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे थे।

जनसभा को संबोधित करते वक्त उन्होंने कहा कि एक बार फिर से 400 से अधिक सीट लाकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री बनाना है और देश का विकास करना है। सीएम की यह बात सुनकर सबलोग हैरान रह गए। इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने वैशाली में इसी तरह का बयान दिया था। 19 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जुबान एक बार फिसल गई। वह वैशाली लोकसभा क्षेत्र के प्रेमराज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी वीणा देवी के समर्थन में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि इनको जरूर जीत दिलाएं। सीएम ने कहा कि हम तो चाहते हैं बिहार की सभी 40 के 40 सीट जीते और देशभर में चार हजार सीटें जीतें।





# सातवें चरण से पहले फिर सजा प्रचार का मंच

## छह चरणों में इंडिया गठबंधन व राजग में कड़ी टक्कर

» दोनों धड़ों ने अपनी-अपनी जीत के किए दावे

» भाषणों में उठी आरक्षण, बुर्के व क्रेडिट की गूंज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। छठे चरण के मतदान हो चुके हैं। अब सातवें चरण की वोटिंग 1 जून को होनी है। सभी सियासी पार्टियों ने 6 दौरों के बाद अपनी-अपनी जीत के दावे करने शुरू कर दिए हैं। ज्यादा-ज्यादा सीटों के दावे के बीच बीजेपी व कांग्रेस ने सातवें दौर के लिए प्रचंड प्रचार भी शुरू कर दिया है। 57 सीटों को अपने पक्ष में करने के लिए इंडिया गठबंधन व राजग ने अपने बयानों के तीर फिर तेज कर दिये हैं। पीएम व भाजपा नेता मोदी जहां विपक्ष को पानी पी-पी कर उस पर तुष्टीकरण करने का आरोप लगा रहे तो कांग्रेस बीजेपी पर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगा रही है।

वहीं मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के बीच सियासी बयानबाजी जमकर बढ़ रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी के सांसद एसटी हसन से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया दी है। पीएम ने कहा कि ये जो गलती होती है कि मोदी मुस्लिमों के आरक्षण पर विरोध करता है, मैं कहता हूं भारत का संविधान, धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। वहीं बुर्के पर भी सियासत गरमाई है। इस मुद्दे पर ओवैसी व बीजेपी में वार-पलटवार जारी है। उधर बिहार में क्रेडिट को लेकर सीएम नीतीश कुमार व राजद नेता तेजस्वी में तू-तू मैं-मैं हर मंच पर दिखाई दे रहा है। इसबीच जनता आगे चरण में वोटिंग की तैयारी कर रही है।





## मोदी-राहुल ने फिर संभाली चुनावी कमान

### अकेले कांग्रेस हासिल कर लेगी बहुमत : खरगे



इंडिया कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक 300 से अधिक सीटें जीतेगा, जबकि कांग्रेस पार्टी अकेले ही 273 सीटें पार कर जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बीजेपी पर भी निशाना साधा है। बीजेपी के इस बार, 400 पार के नारे पर पलटवार करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो भी कह रहे हैं, वह झूठ है. 2014 और 2019 के चुनावों में उन्होंने मनचाही संख्या हासिल कर ली, लेकिन इस बार उनके लिए सत्ता में आना मुश्किल है। वह दक्षिण और यहां तक कि उत्तर में भी हार रहे हैं।कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा केरल या तमिलनाडु में उनका कोई अस्तित्व नहीं है, हो सकता है कि वह यहां-वहां एक या दो सीटें जीत जाएं। उनका आंध्र प्रदेश में कोई अस्तित्व नहीं है। तेलंगाना में हमारा पलड़ा भारी है। पहले, हमारे पास केवल दो सीटें थीं, लेकिन इस बार, हम अपनी संख्या 10 तक बढ़ाने जा रहे हैं, कर्नाटक में, हमारे पास एक सीट थी, लेकिन इस बार हम इसे 10 तक बढ़ाएंगे। जहां भी हम हारे, वहां हम जीत रहे हैं। जहां भी भाजपा के पास एक या शून्य सीटें थीं, वहां वे सीटें नहीं बढ़ा रहे हैं। महाराष्ट्र में हमें सीटें मिल रही हैं, भले ही आप राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा जाएं, हम इन राज्यों में अच्छा कर रहे हैं. यूपी में हमें 10 सीटें मिलेंगी और हमारे गठबंधन को 14 सीटें मिलेंगी। यह 400 पार एक झूठी कहानी है। कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा, हमारी कोशिश से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने की है. लोकसभा चुनाव जीतने के लिए 273 सीटें चाहिए होती है, हम इस बार इससे ज्यादा सीटें हासिल करेंगे। हमारा गठबंधन 300 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेगा। हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए गठबंधन के रूप में एक साथ आए हैं और हम जीतेंगे।

## धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने मुद्दे पर गहरी चर्चा की है। चर्चा कर के संविधान सभा ने जो संविधान बनाया वो कहता है कि भारत जैसे देश में धर्म के आधार पर एक बार टुकड़े हो चुके हैं। अब इस देश को और ज्यादा टुकड़े नहीं होने चाहिए। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देना चाहिए। बाबा साहेब आंबेडकर, जवाहर लाल नेहरू और संविधान सभा के सभी सदस्यों ने यही कहा। पीएम ने कहा कि मेरा कहना है कि हमें संविधान का लेटर स्पिरिट (हुबहू) रक्षण करना चाहिए। हमें इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देना चाहिए। मेरा मुद्दा है कि धर्म को आधार बनाने की जो प्रवृत्ति चली है, उसके खिलाफ है। भारत का संविधान हर एक नागरिक को सामना रूप से देखता है लेकिन फलाने धर्म के हो इसलिए मिलेगा। ये इस देश में नहीं चलेगा।

## पीएम को मुसलमानों के चार परसेंट आरक्षण पर परेशानी क्यों : हसन

सांसद एसटी हसन ने कहा कि कोई किसी का आरक्षण नहीं छीन रहा है। पीएम मोदी को मुसलमानों के चार परसेंट आरक्षण पर बहुत परेशानी है। जबकि, सच्चर कमेटी की रिपोर्ट से यह साफ हो चुका है कि मुसलमानों की स्थिति दलितों से भी बदतर है। आरक्षण इसलिए दिया जाता है ताकि जो दबे-कुचले लोग हैं, उनको ऊपर लाया जाए, उनकी हालत बेहतर की जाए।



उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि मुसलमानों के आरक्षण से पीएम मोदी को परेशानी क्यों है? क्या मुसलमान इस देश का नागरिक नहीं है? इस देश में क्या मुसलमान का कोई योगदान नहीं है? क्या मुसलमानों ने देश की आजादी में हिंदू भाईयों के साथ अपना खून नहीं दिया था? उन्होंने कहा कि पीएम मोदी घबराए हुए हैं, बौखलाए हुए हैं, अब तक चुनाव के जितने चरण हुए हैं, उन सभी में वह हार रहे हैं, इसलिए, चुनाव को हिंदू-मुस्लिम करना चाहते हैं, लेकिन, हिंदू भाई उनके झांसे में नहीं आने वाले हैं. चार प्रतिशत आरक्षण से सिर्फ मोदी जी को परेशानी है, किसी हिंदू भाई को कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि एक प्रधानमंत्री को इस तरह का बयान शोभा नहीं देता, जो किसी सोसाइटी को बांटे। इन्होंने नफरतों की सौदागिरी करने सिंहासन हासिल किया है। ये कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन, हिंदू और मुसलमान को अलग नहीं किया जा सकता है।

## नीतीश व तेजस्वी में क्रेडिट पर रार

नीतीश ने कहा कि तेजस्वी का दावा झूठा है। बहुत गड़बड़ करते थे ये लोग। इसलिए, मैंने एनडीए खेमे में लौटने का फैसला किया। मैं अब हमेशा एनडीए के साथ रहूंगा। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने 2005 और 2020 के बीच युवाओं को 8 लाख नौकरियां प्रदान कीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दो दशकों में महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। उन्होंने मतदाताओं को याद दिलाया कि 2005 में राज्य की बागडोर संभालने से पहले बिहार में विकास के नाम पर कुछ भी नहीं था। बक्सर जिले के नवानगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए, सीएम ने लोगों को अतीत में राजद के कुशासन के बारे में याद दिलाया। उन्होंने जीए के सत्ता में रहने के दौरान युवाओं को प्रदान की गई नौकरियों



का श्रेय लेने के लिए राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर भी निशाना साधा। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने 2005 और 2020 के बीच युवाओं को 8 लाख नौकरियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि हम युवाओं को नौकरियां प्रदान करना जारी रख रहे हैं। हम पहले ही 4 लाख नौकरियां दे चुके हैं और जल्द ही 10 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। अपने शासनकाल में राज्य में महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने विश्व बैंक से ऋण मिलने के बाद जीविका दीदी योजना शुरू की। उन्होंने कहा, आज, 1.31 करोड़ जीविका दीदियां बिहार में हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पंचायती राज में महिलाओं के लिए 50प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया है। नीतीश ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं को भी पुलिस में नौकरी दी है। मुख्यमंत्री ने बक्सर जिले में अपनी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए मतदाताओं से सीट से एनडीए उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी (भाजपा) की जीत सुनिश्चित करने की अपील की। तिवारी का बक्सर में राजद के सुधाकर सिंह से सीधा मुकाबला है, जहां 1 जून को सातवें और अंतिम चरण में मतदान होगा।

## बुर्के वाली वोटर्स पर आवैसी और बीजेपी में तकरार

छठे चरण के मतदान से पहले बुर्के पर राजनीतिक बहस शुरू हो चुकी है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी ने बुर्के में वोटिंग के लिए आने वाली महिलाओं की उचित वेरिफिकेशन की मांग की है। यह मांग चुनाव आयोग से की गई है। दिल्ली भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली चुनाव आयोग से 22 मई को मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में विधायक अजय महावर और मोहन सिंह बिष्ट, प्रदेश सचिव किशन शर्मा और वकील नीरज गुप्ता शामिल थे। सीईओ को दिए ज्ञापन में मांग की गई कि दिल्ली में वोटिंग के लिए आने वाली बुर्का पहने महिला मतदाताओं का उचित वेरिफिकेशन किया जाए। भाजपा के इस कदम पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भड़क उठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा मुस्लिम औरतों को परेशान कर रही है। औवैसी ने कहा कि जब पहले से ही घूंघट और बुर्के में होने पर जांच है तो भाजपा ऐसी डिमांड क्यों कर रही है। ओवैसी ने एक्स पर लिखा,भाजपा के दिल्ली इकाई ने निर्वाचन आयोग से कहा है कि बुर्क़े में औरतों की खास जांच होनी



चाहिए। तेलंगाना में पिछले दिनों हुए लोकसभा के मतदान के दौरान इनके उम्मीदवार ने मुस्लिम ख़्वातीन की सरेआम बेइज्जती की और परेशान करने का काम किया। हर चुनाव में भाजपा कोई न कोई बहाना ढूंढ कर मुस्लिम ख़्वातीन को परेशान करती है और निशाना बनाती है। परदा-नशीन औरतों को लेकर निर्वाचन सदन के साफ कवाईद और ज़ाबते हैं, चाहे वो बुर्के में हों या घूंघट में हों या मास्क में, बिना तस्दीक/जांच के किसी को भी वोट देने नहीं दिया जाता है तो फिर भाजपा को ऐसी ख़ास मांग क्यों करनी पड़ी?



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# फिर डरा रहा है कोरोना वैरिएंट

“ हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायरस में एक बार फिर से म्यूटेशन हुआ है, जिससे उत्पन्न नया सब-वैरिएंट कई देशों में संक्रमण बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है। सिंगापुर की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर दो सप्ताह में ही कोरोना के मामलों में 90 फीसदी से अधिक की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है।

*एकबार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने सभी लोगों को कोरोना से बचाव को लेकर लगातार सावधानी बरतते रहने की अपील की है। पूरे दुनिया एकबार फिर गंभीरता से इन खतरों से निपटने की योजपा बनानी होगी। वैश्विक स्तर पर जारी कोरोना महामारी को चार साल से अधिक का समय बीत गया है। इस दौरान कोरोना के वैरिएंट्स में कई बार म्यूटेशन हुआ और संक्रमितों में हल्के से लेकर गंभीर स्तर के लक्षण रिपोर्ट किए गए। कोरोना का खतरा अभी भी थमा नहीं है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वायरस में एक बार फिर से म्यूटेशन हुआ है, जिससे उत्पन्न नया सब-वैरिएंट कई देशों में संक्रमण बढ़ाता हुआ देखा जा रहा है। सिंगापुर की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर दो सप्ताह में ही कोरोना के मामलों में 90 फीसदी से अधिक की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। कोरोना के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी भी साझा की है। रिपोर्ट में डब्ल्यूएचओ ने कहा कोविड-19 के कारण वैश्विक जीवन प्रत्याशा में लगभग दो साल की कमी आ गई है।*

*जीवन प्रत्याशा या लाइफ एक्सपेक्टेंसी उन अतिरिक्त वर्षों की औसत संख्या का अनुमान है जो एक निश्चित आयु का व्यक्ति जीने की उम्मीद कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा, पिछले एक दशक में लाइफ एक्सपेक्टेंसी में बेहतर सुधार देखा जा रहा था। हालांकि कोविड-19 के कारण इसमें गिरावट आ गई है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कोविड-19 महामारी ने संपूर्ण स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, संक्रमण के कारण लोगों में कई प्रकार की बीमारियां भी विकसित होती देखी गई हैं। इन परिस्थितियों ने लाइफ एक्सपेक्टेंसी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछली आधी सदी में किसी भी अन्य घटना की तुलना में कोविड-19 ने संपूर्ण स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा पर सबसे गहरा प्रभाव डाला है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेबियस ने कहा कि ये आंकड़े वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कोविड के शुरुआती दौर में ही साल 2020-2021 के दौरान 15.9 मिलियन (1.59 करोड़) से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा महामारी के दौरान कोविड-19 मृत्यु का प्रमुख कारण रहा है। 2020 में विश्व स्तर पर यह मृत्यु का तीसरा सबसे बड़ा कारण और 2021 में दूसरा प्रमुख कारण रहा। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट इस बात पर भी प्रकाश डालती है कि नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) जैसे कि इस्केमिक हृदय रोग और स्ट्रोक, कैंसर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, अल्जाइमर रोग-डिमेंशिया और मधुमेह के कारण भी बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई । सरकारें भी इस ओर ध्यान दें।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# सत्ता की बहार के लिए बिहार में कशमकश

अतुल सिन्हा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिहार में होने वाली चुनावी सभाओं पर गौर करें तो यहां उनके निशाने पर सीधे तौर पर राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव होते हैं। कांग्रेस और राहुल गांधी दूसरे नंबर पर होते हैं और यहां की जातिगत और परिवारवादी राजनीति तीसरे नंबर पर। तेजस्वी यादव को भी उन्होंने राहुल गांधी की तरह शहजादे का खिताब दे रखा है और इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार, गुंडाराज और जातिगत जनगणना के सवाल पर बांटने वाला गठबंधन करार दिया है। उधर अपने चुनावी गणित और रणनीति की वजह से चर्चा में रहने वाले प्रशांत किशोर भी पांच दौर के चुनावों के बाद ये दावा करने से नहीं चूक रहे कि बिहार में अब भी मोदी या केन्द्र की सरकार को लेकर कोई गुस्सा नहीं है, मोदी लहर भले ही इस बार न हो लेकिन प्रशांत किशोर को इस बार भी मोदी सरकार बनती दिख रही है और खासकर बिहार में नीतीश कुमार के पलटू राम वाली छवि के बावजूद एनडीए को कोई खास नुकसान होता नहीं दिख रहा है। जबकि चुनाव विश्लेषक और किसी ज़माने में सटीक चुनावी भविष्यवाणियां करने वाले सैफोलॉजिस्ट योगेन्द्र यादव इस बार एनडीए को ढाई सौ के नीचे देख रहे हैं। सबके अपने-अपने चश्में हैं और अपना-अपना नजरिया है जबकि असली फैसला खामोश वोटर यानी जनता को करना है।

लेकिन तमाम जमीनी सर्वे हवा का रुख कुछ और बताते हैं। इसकी बानगी तेजस्वी यादव और कांग्रेस की सभाओं में उमड़ती जबरदस्त भीड़ के तौर पर देखी जा सकती है। इंडिया गठबंधन जिन अंतर्विरोधों के बाद बना और आखिरी वक्त तक सीटों के बंटवारे को लेकर जो असमंजस रहा, उसे भाजपा और जेडीयू अपने पक्ष में मान रही है और अपनी चुनावी सभाओं में इसे लेकर अब तक गठबंधन पर सवाल उठाती है। भाजपा के 400 पार के दावे में बिहार की 40 सीटें भी शामिल हैं। 2019 में भाजपा ने यहां से जो 17 उम्मीदवार उतारे थे, वह सभी जीते थे जबकि जेडीयू के 17 में से 16 उम्मीदवार जीते थे। एनडीए के अन्य घटकों में लोक जनशक्ति पार्टी के भी सभी 6 उम्मीदवार जीत गए थे। पिछले आम चुनाव में यानी एनडीए को कुल 40 में से 39 सीटें मिली थीं जबकि एक सीट कांग्रेस ने जीती थी। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार भाजपा अपनी सभी सीटें बचा पाएगी, क्या



नीतीश की मौकापरस्ती जेडीयू को फिर से पिछली बार जितनी सीटें दिला पाएगी और क्या इस बार एनडीए 39 के आंकड़े तक पहुंच पाएगा? बिहार ऐसा राज्य है जिसमें सभी सात चरणों में चुनाव हो रहे हैं यानी 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक लगातार। छठे दौर में 8 और आखिरी दौर में भी 8 सीटें बाकी हैं। नीतीश के पाला बदलने से भाजपा के दोबारा सरकार में आने के बाद पार्टी के पास सत्ता की ताकत भी है और मशीनरी भी, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के दौरों से उम्मीदें भी। लेकिन आरजेडी की बढ़ती ताकत, कांग्रेस का पुनर्जीवन और राहुल गांधी की मेहनत ने इंडिया गठबंधन को काफी मजबूती के साथ जनता के सवालों से जोड़कर पेश किया है जिसका असर दिख रहा है। यहां जातिगत जनगणना का भी असर है और तेजस्वी के सरकार में रहते दस लाख नौकरी देने का रिकॉर्ड बनाने की मिसाल भी। दरअसल, बिहार की राजनीति लगातार कई उतार-चढ़ावों से होकर गुजरती रही है। यहां वैचारिक और सैद्धांतिक राजनीति का बेशक एक दौर था, लेकिन करीब चार दशक से सारे समीकरण पूरी तरह सत्ता केन्द्रित और जाति आधारित होते गए। वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन ने जिस नई राजनीति की नींव रखी थी और जिन मूल्यों और सिद्धांतों की बात होती थी, उसे सत्ता के खेल ने ध्वस्त कर दिया। मौजूदा राजनीति में शीर्ष पर बैठे तमाम नेता खुद को उस दौर के आंदोलनकारी बताते हैं। जेपी ने उन्हें तत्कालीन कांग्रेस सरकार, इंदिरा गांधी की निरंकुशता और इमरजेंसी जैसे कदमों के खिलाफ एकजुट करके सत्ता की राह दिखाई, लेकिन सत्ता का नशा ऐसा चढ़ा कि उस दौर के तमाम नेता भ्रष्टाचार, जातिगत समीकरण और जोड़-तोड़ के खेल में लगे रहे।

लेकिन अब युवा नेतृत्व में आई राजनीतिक परिपक्वता और एक ईमानदार, साफ-सुथरी राजनीति की उम्मीद से आम लोगों में बदलाव की चाहत दिखने लगी है। ये नेता अपने भाषणों में मोदी सरकार के वादों के साथ उनकी निरंकुश वाली छवि को उभारने और लोगों के मन में बैठाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। दरअसल भाजपा का कट्टर हिन्दुत्व और राम मंदिर जैसे मुद्दे बिहार में उतने असरदार नहीं दिखते, इसलिए यहां मोदी को भी इन नेताओं पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के अलावा कोई बड़ा दांव नहीं दिख रहा, अपनी सरकार की उपलब्धियों में पांच किलो मुफ्त अनाज की गारंटी को भाजपा तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल कर रही है।

# साइबर हमलों के जवाब को चाहिए पूरी तैयारी

मधुरेन्द्र सिन्हा



आदिकाल से मनुष्य का स्वभाव रहा है- लड़ना और नये शस्त्रों का आविष्कार करना। नुकीले पत्थरों से जो कहानी शुरू हुई वह आगे बढ़ते-बढ़ते तीर-तलवार और उसके आगे बंदूकों-तोपों तक चली गई। फिर लड़ाकू जहाज और मिसाइलें। बात यहां तक ही नहीं ठहरी। अब यह अदृश्य लड़ाई में तब्दील हो चुकी है जिसमें शत्रु पास होते हुए भी कहीं दिखता नहीं। यह शत्रु देशी या विदेशी कोई भी हो सकता है। वह आप पर या आपके देश पर हमले करता है इंटरनेट या फोन के माध्यम से आपके पैसे चुराने की कोशिश करता है या बेशकीमती सूचनाएं। यही है साइबर हमला और सारी दुनिया के देश इससे परेशान हैं। लेकिन भारत की बात ही अलग है। पिछले दस वर्षों में देश का डिजिटलीकरण बहुत तेजी से हुआ और यह लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया। लेकिन उसके सामने साइबर अपराधी भी चुनौती बनकर खड़े हो गये हैं जिनका लगातार सफाया हो रहा है।

देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं से सूचनाएं चुराने की पुरजोर कोशिशें हो रही हैं, उन्हें नष्ट करने की भी साजिश ऑनलाइन हो रही है। लोगों से डरा-धमका कर उनकी गाढ़ी कमाई निकलवाने की कोशिशें हो रही हैं। यह सब दूर-दराज से सिर्फ इंटरनेट, स्मार्टफोन या ऐसे ही माध्यमों से हो रहा है। साइबर ठगी तो इसका छोटा-सा उदाहरण है। बड़े शातिर साइबर हमलावर तो देश की वित्तीय संस्थाओं और प्रणालियों पर भी हमला करते रहते हैं। जी-20 के दौरान तो भारतीय प्रतिष्ठानों और जी-20 आयोजन संबंधी दफ्तरों पर लाखों हमले हुए। इस दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख साइबर अटैक हुए थे। लेकिन केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी त्वरित व कुशल कार्रवाई के जरिये साइबर अपराधियों को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने दिया। छोटे स्तर पर तो ये कुछ हद तक कामयाब हो गये लेकिन उन पर शिकंजा कसता जा रहा है। देश में साइबर हमलों को खत्म करने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्रालय की है। प्रधानमंत्री तथा केन्द्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में एक साइबर तथा इन्फॉरमेशन सिक्योरिटी डिवीजन साइबर सेफ इंडिया के लिए काम कर रहा है। गृह मंत्रालय ने तीन नये कानून भी बनवाये जो साइबर अपराध रोकथाम में सहायक होंगे।

इनमें इलेक्ट्रॉनिक एफआईआर की व्यवस्था के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणों को सबूत के तौर पर मानने का प्रावधान भी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अब तक उल्लेखनीय कार्य किया है। विदेशों से हमले करने वाले साइबर अपराधी बेहद चतुर एवं अति आधुनिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर से लैस होते हैं। वे हमला करते हैं और हमारे देश के महत्वपूर्ण संस्थानों के वेबसाइटों तथा संचार व्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करते हैं या वहां से सूचनाएं चुराने का प्रयास करते हैं। हमारे कई बड़े संस्थानों पर ऐसे हमले हो चुके हैं लेकिन ज्यादातर निष्फल हुए हैं। ऐसे हमले चीन, पाकिस्तान से तो होते ही हैं, तुर्की और अमेरिका-कनाडा से भी होते हैं। लेकिन हमारी एजेंसियां चाकचौबंद रहती हैं और हमले निष्फल करती जाती हैं।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने पूरे भारत में 1200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है और लगभग 5 लाख शिकायतों का निपटारा किया है। यह केन्द्र विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों में समन्वय स्थापना के अलावा साइबर अपराध से निपटने के लिए देश के भीतर क्षमता निर्माण करने का भी प्रयास कर रहा है। इसने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के लॉन्चिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसका उपयोग पहले से ही राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 31 लाख से अधिक साइबर अपराध शिकायतों, 66,000 एफआईआर के साथ 14 करोड़ बार किया जा चुका है। राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (एनसीएफएल) साइबर घटनाओं से संबंधित जांच में सहायता करती है। चूंकि, ऐसे अपराध राज्य की सीमाओं से परे होते हैं, इसलिए आई4सी ने बेहतर अंतर-राज्य समन्वय के लिए संयुक्त साइबर अपराध समन्वय दल यानी जेसीसीटीएस की स्थापना की है। 'साइबर दोस्त' नामक एक सोशल मीडिया हैंडल भी संचालित किया जा रहा है, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा से जुड़े टिप्स मुहैया कराता है। गृह मंत्रालय द्वारा 'साइबर जागृति दिवस' नामक एक पहल भी की जा रही है।


गृह मंत्री अमित शाह ने जी-20 के दौरान गुरुग्राम में 'एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा' विषय पर जी-20 सम्मेलन के दौरान भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से साइबर स्वयंसेवक दस्ते को हरी झंडी दिखाई थी। डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत की जरूरत बन चुका आई4सी पहल विकसित भारत के आह्वान को मजबूती प्रदान करता है। भविष्य में बड़े पैमाने पर डिजिटल दुनिया में होने वाले अपराधों को रोकने, कम करने और उन पर निगरानी रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की देखरेख में एक राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र कार्यरत है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन इसके मार्ग में साइबर अपराधी खड़े हैं। कई देश नहीं चाहते कि भारत इतनी तरक्की करे और इसके लिए वे साइबर हमलों का सहारा लेते हैं ताकि उनकी पहचान छुपी रहे लेकिन हमारी एजेंसियां भी इतनी चुस्त-दुरुस्त हैं कि वे पकड़ ही लेती हैं कि हमला कहां से हो रहा है या इसके पीछे कौन से तत्व हैं। हमलावर भी चुप बैठने वाले नहीं और उन पर हमारी ओर से भी जवाबी हमले किये जाते हैं ताकि उनकी कमर टूटे।



## गर्मी में खाएं ये फल और सब्जियां

# पेट में बनी रहेगी ठंडक

बढ़ती गर्मी, चिलचिलाती धूप से आजकल हर कोई परेशान है। ऐसे में लोग अपने शरीर को ठंडा रखने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स, सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि पीना पसंद करते हैं, लेकिन ये सभी हेल्थ के लिए अनहेल्दी होते हैं। इनके बजाय प्रकृति से मिल ठंडे, रसीले फूड्स को अधिक अहमियत दी जानी चाहिए। अपने शरीर को ठंडक देने के लिए कुछ खास तरह के ठंडे फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करना शुरू कर देना चाहिए। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेटेड रहेगी, आपको कूल-कूल और रिफ्रेशिंग भी महसूस होगा। आपका शरीर गर्मी से लड़ने के लिए तैयार हो जाएगा।



### तरबूज

गर्मी के मौसम में तरबूज खाना हर कोई पसंद करता है। यह गर्मियों का एक मौसमी फल है। इसमें लगभग 91.45 फीसदी पानी होता है। तरबूज शरीर में पानी की पूर्ति करता है। इसके अलावा तरबूज में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स भी शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। तरबूज वजन घटाने में भी फायदेमंद होता है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियों में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसलिए आपको अपनी रोज की डाइट में इन सब्जियों को जरूर शामिल करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियों में पानी की मात्रा भी अधिक होती है। लेकिन इन सब्जियों को अधिक पकाने से बचना चाहिए, इससे उनमें पानी की मात्रा कम हो सकती है।



### नींबू

गर्मियों में अकसर लोग नींबू पानी का सेवन करते हैं। नींबू पानी पीने से शरीर को पर्याप्त पानी मिल पाता है। इससे बॉडी भी डिटॉक्स होती है। नींबू पानी पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है। नींबू पानी पीने से आप पूरे दिन एर्जेटिक रह सकते हैं, आपके शरीर को ठंडा करने में भी नींबू पानी मदद करता है।

### खरबूजा

खरबूजा भी गर्मियों का एक सीजनल फल है। इसे खाने से शरीर को कई पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। तरबूज की तरह ही इसमें भी पानी की मात्रा अधिक होती है। गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए खरबूजे का सेवन जरूर करना चाहिए। आप एक दिन में 1 कटोरी खरबूजे का सेवन कर सकते हैं।

### सीताफल

सीताफल की सब्जी कई लोगों को पसंद होती है। सीताफल की तासीर भी ठंडी होती है, ऐसे में आप इसका सेवन गर्मियों में आसानी से कर सकते हैं। सीताफल की सब्जी में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस और पोटेशियम अधिक मात्रा में होता है। आप सीताफल यानी कद्दू को अपनी समर डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### लौकी

गर्मियों में लौकी की सब्जी खाना बेहद फायदेमंद होता है। लौकी की सब्जी में प्रोटीन, मिनरल्स, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम और फॉस्फोरस भरपूर होता है। लौकी की सब्जी में पर्याप्त मात्रा में पानी होता है, इससे शरीर में पानी की कमी दूर होती है। लौकी की तासीर भी ठंडी होती है, ऐसे में गर्मी में इसका सेवन आसानी से किया जा सकता है।





### अजमोदा

अजमोदा में लगभग 95 प्रतिशत पानी होता है। गर्मियों में अजमोदा का सेवन किया जा सकता है। इसमें सोडियम, आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, फास्फोरस और जिंक से भी भरपूर होता है।

### खीरा

खीरे में पानी काफी मात्रा में पाया जाता है। खीरे में फाइबर और अन्य विटामिन्स और मिनरल्स भी भरपूर होते हैं। खीरे का सेवन गर्मियों में सलाद के रूप में किया जा सकता है। खीरा आपके शरीर को हाइड्रेट रखता है, पानी की कमी नहीं होने देता है। अगर आप मोटापे से परेशान हैं, तो इसके लिए खीरे का सलाद अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### तोरी

लौकी की तरह ही तोरी भी गर्मियों में अधिक मात्रा में खाई जाने वाली सब्जी है। वैसे तो अधिकतर लोग तोरी की सब्जी खाना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन इसे आपको अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। क्योंकि इसमें पानी और पोषक तत्व अधिक मात्रा में होता है। तोरी की सब्जी खाने से शरीर को सभी जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स मिलते हैं।

## हंसना मना है

बब्लू: बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है। डब्लू: अच्छा... तुम्हारी पत्नी क्या कहती है? बब्लू: कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके!

नई नवेली पत्नी: सुनोजी, तलाक चाहिए...दूसरी शादी करनी है। पति: लेकिन क्यों? पत्नी: हमारी शादी की फोटोज को कम लाइक्स मिले हैं।

चिंटू: भाई समोसा खाएगा? मिंटू: नहीं ,आज मेरा व्रत है। चिंटू: भाई मेरी तरफ से है। मिंटू: मीठी चटनी डालकर लाना। चिंटू: राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई...इस गाने का क्या मतलब है? मिंटू: इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है!

आंटी: अरे बेटा, तुम तो बड़े हो गए हो। लड़का: हां...और कोई ऑप्शन ही नहीं था।

साइंस की क्लास चल रही थी और मिंकू सो रहा था टीचर: मिंकू.. क्या हो रहा है ये सब मिंकू: कुछ नहीं सर टीचर: क्लास में सो रहे हो क्या? मिंकू: नहीं, सर गुरुत्वाकर्षण से सर नीचे गिर रहा है...

पिंकी: यार मेरे बाल बहुत झड़ रहे हैं चिंकी: क्यों? पिंकी: चिंता से यार। चिंकी: किस बात की चिंता है यार तुझे? पिंकी: बाल झड़ने की...

## कहानी | भालू भाई क्यों पूंछ गंवाई

बहुत समय पहले भालू की लंबी एवं चमकदार पूंछ हुआ करती थी। भालू को इस पर बड़ा घमंड था। वह सभी से पूछता था कि आज मेरी पूंछ कैसी लग रही है? अब कोई भालू से पंगा लेता क्या भला? उसकी बड़ी कद-काठी और पंजे देखकर हर कोई कहता- बहुत सुंदर, बहुत सुंदर। भालू इस पर फूला नहीं समाता। भालू दिनभर अपनी पूंछ-प्रशंसा सुनता रहता। एक बार ठंड के दिनों में कुछ ज्यादा ही ठंड पड़ी। इतनी कि झील और तालाब सब जम गए। शिकार ढूंढना मुश्किल हो गया। ऐसे में भालू एक झील के पास से जा रहा था, तभी उसकी नजर वहां बैठी एक लोमड़ी पर पड़ी। लोमड़ी के पास मछलियों का ढेर लगा था। यह देखकर भालू के मुंह में पानी आ गया। लोमड़ी चालाक थी। उसने भांप लिया कि भालू को भूख लगी है और मछलियों को देखकर उसकी नजर खराब हो गई है। भालू ने कहा-लोमड़ी बहन कैसी हो, तुमने यह सारी मछलियां कहां से पाई? तुम्हारे पास मछली पकड़ने का कांटा तो है ही नहीं फिर तुमने यह मछलियां कैसे पकड़ीं? लोमड़ी चालाकी से बोली- मैंने अपनी पूंछ की मदद से यह सारी मछलियां पकड़ी हैं। तुम अपने पंजों से इस बर्फ के तालाब में एक गड्ढा बनाओ और अपनी पूंछ की मदद से तुम भी खूब सारी मछलियां पकड़ो। भालू को लोमड़ी की बात में दम दिखा उसने तुरंत अपने तेज पंजों से एक गड्ढा बना दिया। अब क्या करूं? भालू ने पूछा। लोमड़ी बोली-अब पूंछ गड्ढे में डालकर बैठ जाओ। जैसे ही मछली फंसेगी तुम्हें अपने आप मालूम पड़ जाएगा। पर, हां ज्यादा हिलना-डुलना मत और सिर्फ मछली के बारे में सोचना।

मछलियों के लालची भालू ने वैसा ही किया। थोड़ी ही देर में वह एक तरह से बैठे-बैठे ऊब गया और उसे नींद लग गई। ठंड बहुत ज्यादा थी और बर्फ भी गिरने लगी। लोमड़ी धीरे से अपने घर चली गई। बर्फ गिरने के कारण भालू के सारे शरीर पर बर्फ जम गई थी। काफी देर बाद जब भालू हड़बड़ाकर उठा तो उसे अपनी स्थिति का आभास हुआ उसने अपनी पूंछ को एक झटके से गड्ढे से बाहर निकाला, पूंछ तो बर्फ में जमी हुई थी जैसे ही भालू ने झटका मारकर पूंछ को खींचा वैसे ही उसकी पूंछ उसके शरीर से उखड़ कर बर्फ में ही रह गई।

वह चिल्लाया, अरे, मेरी पूंछ कहां गई? मेरी सुंदर पूंछ कहां गई? भालू ने लोमड़ी को बहुत बुरा-भला कहा, लेकिन अब क्या हो सकता था अब तो भालू अपनी प्यारी और सुंदर पूछ गंवा चुका था। और ऐसा भालू की बेवकूफी और घमंड की वजह से हुआ था। इसलिए कहते हैं सुंदरता पर मत इतराओ और अक्ल से काम लो।

## 10 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा।

**मिथुन** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी।

**कर्क** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**सिंह** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कन्या** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**तुला** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं।

**मकर** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे।

**कुम्भ** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मीन** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

बॉलीवुड | मन की बात

# ऋचा के गुस्से को गाने में एक्सप्रेशन के लिए मैंने उन्हें डांटा था : भंसाली



संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी रिलीज के बाद से ही चर्चा में है। सीरीज को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। हीरामंडी में अदिति राव हैदरी की गजगामिनी वॉक और ऋचा चड्ढा का मासूम दिल गाना सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग सीन को अपने स्टाइल में रीक्रिएट कर रहे हैं। मासूम दिल है मेरा गाने में ऋचा की परफॉरमेंस को काफी पसंद किया जा रहा है। मगर क्या आप जानते हैं कि गाने की शूटिंग के दौरान एक्ट्रेस सच में रो रही थीं। हाल ही में मीडिया के साथ बातचीत में सीरीज के डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने बताया कि उस गाने की शूटिंग से पहले एक्ट्रेस को उन्होंने डांट दिया था जिसकी वजह से वो नाराज हो गई थीं और रोने लगी थीं। संजय लीला भंसाली ने कहा कि मासूम दिल है मेरा गाने के शूट के वक्त ऋचा उसे अच्छी तरह से परफॉर्म नहीं कर पा रही थीं। भंसाली ने कहा, वो स्पेशल मूमेंट था, लेकिन उनका एक्ट सटीक तरीके से बैठ नहीं रहा था। वो कोशिश कर रही थीं, लेकिन मुझे वो नहीं मिल रहा था जो मुझे चाहिए था। उन्होंने कहा कि एक प्वाइंट के बाद मैं थोड़ा गुस्सा हो गया था। मैनें कहा, आपने इसे रिहर्स किया है, लेकिन फिर भी ये सही से नहीं हो रहा है, आपको गाने में किरदार का स्टेट ऑफ माइंड समझ नहीं आ रहा है। मैं उनपर गुस्सा कर दिया था जिसके बाद वो भी मुझसे नाराज हो गई थीं। संजय लीला भंसाली ने कहा कि मैनें सोचा कि ऋचा के गुस्से को गाने में एक्सप्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। उनके चेहरे पर गुस्सा बहुत स्पेशल था। गाने में उनके एक्सप्रेशन मेरी और उनके बीच हुई गुस्से वाली बातचीत का नतीजा थे। संजय लीला भंसाली ने कहा कि मैनें उनसे गुस्से में कहा था कि आपको कितने टेक चाहिए? आगे संजय ने ऋचा की तारीफ करते हुए कहा कि अगर उनकी जगह कोई और एक्ट्रेस होतीं तो वो शायद गुस्से में सेट से चली जातीं, लेकिन ऋचा और मैं दोनों ही समझ रहे थे कि शॉट जरूरी है, गाना जरूरी है, सीन ज्यादा जरूरी है, सीरीज हम दोनों से ज्यादा जरूरी है।

# गांधी और अंबेडकर पर टिप्पणी करना जान्हवी कपूर को पड़ा भारी

बॉलीवुड | मसाला



जान्हवी कपूर फिलहाल अपनी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस क्रिकेट ड्रामा में वह राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रमोशन में काफी तत्परता से जुटी हुई हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में कहा कि महात्मा गांधी और बीआर अंबेडकर के बीच बहस देखना उनके लिए हमेशा से दिलचस्पी का हिस्सा रहता है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

जान्हवी ने कहा, मुझे लगता है कि अंबेडकर और गांधी के बीच बहस देखना बहुत दिलचस्प होगा। बस एक बहस कि वे किस बात के लिए खड़े हैं और किसी एक विशेष विषय पर समय के साथ उनके विचार कैसे बदलते रहे, उन्होंने एक-दूसरे को कैसे प्रभावित किया। उन दोनों ने हमारे समाज की बहुत मदद की है, इसलिए वे एक-दूसरे के बारे में क्या महसूस करते हैं, यह एक दिलचस्प चर्चा का विषय है।

उन्होंने आगे कहा, अंबेडकर बहुत सख्त थे और शुरू से ही अपने रुख को लेकर स्पष्ट थे, लेकिन मुझे लगता है कि गांधी का दृष्टिकोण विकसित होता रहा क्योंकि वे हमारे समाज में जाति-आधारित भेदभाव के बारे में अधिक से अधिक अवगत होते गए। तीसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से इसके बारे में अधिक जानना और इसे सीधे सहना एक-दूसरे से काफी अलग है।

अब जान्हवी के इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने लिखा, आप अपने विचार अपने पास रखिए। पहले दोनों के बारे में सब कुछ जान लीजिए। दूसरे यूजर ने लिखा, आप अभिनय तक ही सीमित रहिए। राजनीति आपके बस की बात नहीं है। वहीं, कई यूजर्स ने जान्हवी की तारीफ करते हुए उन्हें ब्यूटी विद ब्रेन का टैग भी दिया।

'गुंजन सक्सेना' फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने वाले निर्देशक शरण शर्मा ने 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का निर्देशन किया है। 'मिस्टर एंड मिसेज' राजकुमार राव और जान्हवी कपूर की एक साथ दूसरी फिल्म है।

# अनसूया ने कान फिल्म फेस्टिवल में लहराया जीत का परचम

दिकान फिल्म फेस्टिवल में एक से बढ़कर एक सितारे शामिल हो रहे हैं। इस बार इवेंट में भारतीयों का दबदबा देखने को मिल रहा है। इस बीच कोलकाता की रहने वाली अनसूया इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। उन्हें यह अवॉर्ड फिल्म शेमलेस के लिए मिला है, जिसे बुल्गारिया के फिल्ममेकर कॉन्स्टेंटिन बोजानोव ने डायरेक्ट किया है।



अनसूया को ये अवॉर्ड शेमलेस में अपने शानदार अभिनय के लिए मिला है। फिल्म में एक्ट्रेस ने देह व्यापार करने वाली का किरदार अदा किया है, जो एक पुलिस वाले को चाकू मारने के बाद दिल्ली के वेश्यालय से भाग जाती है। अनसूया सेनगुप्ता Cannes Film Festival के अन सर्टन रिगार्ड सेगमेंट में बेस्ट एक्ट्रेस चुनी गईं। अवॉर्ड जीतने के बाद अनसूया ने कहा, सभी के लिए समानता की लड़ाई लड़ने के लिए आपको समलैंगिक होने की जरूरत नहीं है। हमें बस बहुत, बहुत सभ्य इंसान होने की जरूरत है। इसी के साथ उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस का इस जीत के लिए शुक्रिया भी किया।

मूलरूप से कोलकाता की रहने वालीं अनसूया ने नेटफ्लिक्स के शो मसाबा मसाबा के सेट को डिजाइन किया था। उन्होंने प्रोडक्शन डिजाइनर और अब एक्ट्रेस के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। इसके साथ ही आपको बता दें कि भारतीय मूल का फिल्म मंथन को भी कान फेस्टिवल में स्क्रिन किया गया था। अनूसया की जीत का जश्न मनाते हुए कई बड़े सेलब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं।


अजब-गजब | यहां गायब हो गई सुबह!

# जयपुर में रात के बाद सीधे हो रही दोपहर उठते ही कनफ्यूज हो रहे हैं लोग

भारत में गर्मी ने इस बार अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ने का इरादा बना लिया है। तापमान चालीस के नीचे आने का नाम नहीं ले रहा। अगर कहीं बूंदाबांदी हो गई तो उसके बाद उमस के कारण लोगों की हालत खराब हो जा रही है। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया, जिसमें किये गए दावे ने सबके होश ही उड़ा दिए।

वायरल हो रहे इस वीडियो में कहा गया कि जयपुर से सुबह ही गायब हो गई है। जी हां, इस शहर से सुबह गायब हो गई है। अब रात के बाद सीधे दोपहर हो जा रही है। अगर आप इस बात का कुछ और मतलब समझ रहे हैं, तो जरा ठहरिये। दरअसल, इस शहर के बारे में ऐसा गर्मी के सितम के कारण कहा जा रहा है। दरअसल, यहां सुबह उठते ही तापमान इतना ज्यादा हो जाता है कि लगता है जैसे आप दोपहर के समय में हैं।

जयपुर में तापमान 43 डिग्री तक जा पहुंचा है। अगर वेदर अपडेट पर यकीन करें तो आने वाले दो से तीन दिनों में यहां तापमान 47 डिग्री तक पहुंच जाएगा। लोग गर्मी से काफी परेशान हो गए हैं। सुबह ही इतनी गर्मी होती है कि लोग वॉक पर भी जाने से पहले सौ बार सोचने के लिए मजबूर हैं। सुबह छह बजे से ही गर्मी बढ़ने लगती है। ऐसे में जो सात या आठ बजे सोकर उठते हैं, उन्हें तो सुबह की ठंडक की जगह दोपहर की गर्मी ही देखने को मिल रही है।



राजस्थान के कई इलाकों में इस साल गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। बाड़मेर सहित कई जिलों में पारा 45 के पार चला गया है। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय लगा रहे हैं। कहीं बस में कूलर फिट किया जा रहा है तो कहीं लोग जुगाड़ू एसी का अविष्कार कर रहे हैं। जयपुर प्रशासन ने गर्मी से आराम दिलवाने के लिए आर्टिफिशियल रेन का सहारा लिया है। इसमें सड़क किनारे खड़े बड़े-बड़े टैंकर्स की मदद से आने-जाने वालों पर नकली बारिश करवाई जा रही है। इसके बावजूद गर्मी से आराम नहीं है।

# दुनिया का सबसे ऊंचा बैल, हाइट के दम पर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



सांडों को जब कैस्ट्रेट कर दिया जाता है, तो वो बैल बन जाते हैं। इन बैलों को खेत में जुताई या अन्य कामों के लिए प्रयोग में लाया जाता है। विदेशों में तो कैस्ट्रेट किए बैलों को मांस के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। पर अमेरिका का एक बैल, सिर्फ इसी काम के लिए नहीं चर्चित है, वो अपने कद के लिए चर्चित है, जिसकी वजह से वो कोई मामली बैल नहीं है। रोमियो नाम का ये बैल दुनिया का सबसे ऊंचा बैल बन चुका है और अब तो इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। अमेरिका के ऑरिगॉन नाम का एक बैल है। अगर ये बैल आपके सामने आकर खड़ा हो जाए, तो निश्चित रूप से आप डर से कांपने लगेंगे। वो इसलिए क्योंकि ये इतना विशाल है, कि लंबे-चौड़े व्यक्ति भी उसके सामने बच्चे जैसे लगेंगे। इस बैल की हाइट 194 सेंटीमीटर, यानी 6 फीट 4.5 इंच है। इसे 17 दिसंबर 2023 को खिताब से नवाजा गया था। रोमियो 6 साल का है और वेलकम होम एनिमल सैंक्चुरी में अपनी मालकिन मिस्टी मोर के साथ रहता है। उसकी मालकिन का कहना है कि वो बहुत सीधा है, किसी को परेशान नहीं करता। मिस्टी की वजह से आज रोमियो जिंदा है। उसे एक डेरी फार्म से रेस्क्यू किया गया था। मिस्टी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से बात करते हुए कहा कि डेरी इंडस्ट्री में गाय के नर बच्चों को सिर्फ बाय-प्रोडक्ट की तरह ही माना जाता है। उन्हें सिर्फ प्रॉफिट कमाने का जरिया समझा जाता है। तो मिस्टी ने सोचा कि वो रोमियो को अपने पास रखेंगी, और पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ेंगी, जो 6 फीट 1 इंच का था। मिस्टी ने कहा कि जब भी वो रोमियो की आंखों में देखती हैं, तो उन्हें उम्मीद दिखती है और नजर आता है कि किसी के लिए छोटी सी मदद, दुनिया को बड़े स्तर पर बदलने के लिए काफी है। रोमियो इस बात का सबूत है कि इंसान और जानवरों के बीच कितने अच्छे संबंध होते हैं।

# बीजेपी के इशारे पर हमारी नहीं सुन रहे अधिकारी

## आप सरकार ने बेबी केयर न्यू बॉर्न हादसे के दिए जांच के आदेश

» सौरभ भारद्वाज बोले- अस्पताल अग्निकांड पर हो रही राजनीति

» हादसे के वक्त 12 नवजात थे भर्ती

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। विवेक विहार अग्निकांड पर राजनीति तेज हो गई है। दिल्ली सरकार ने इस मामले में अधिकारियों पर निर्देश न मानने का आरोप लगाया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर कहा कि कल रात तक सचिव (स्वास्थ्य) या स्वास्थ्य विभाग के उनके अधीनस्थ किसी भी अधिकारी से कोई प्रतिक्रिया या अपडेट नहीं मिला है। हालांकि, मैंने उन्हें कई बार फोन किया और कई संदेश भेजे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्हें ईमेल के जरिए भी निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ईमेल की पावती भी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि ऐसी आपात स्थिति में, जहां कई नवजात शिशुओं की जान दांव पर लगी हो, यह लापरवाही अक्षम्य है।

भारत के किसी अन्य राज्य में, इस तरह की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई हो जाती। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे अधिकारियों को लगातार केंद्र सरकार का संरक्षण प्राप्त है। घटना कल रात की है, लेकिन मुझे आज सुबह इस घटना के बारे में पता चला, वह भी मीडिया फ्लैश के जरिए। उन्होंने कहा कि सभी चुनौतियों के बावजूद, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दोषियों पर मुकदमा चलाया जाए। जानकारी के लिए बता दें कि विवेक विहार सी-54 में बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल के नाम से छोटा सा अस्पताल है। जिसमें झुलसकर सात मासूमों की मौत हो गई। हादसे के समय अस्पताल में कुल 12 नवजात भर्ती थे। आग लगने पर पुलिस, दमकल विभाग, अस्पताल स्टाफ व पब्लिक ने किसी तरह अस्पताल की इमारत के पिछले हिस्से में मौजूद खिड़की के रास्ते सभी 12 बच्चों को निकाला गया। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बीते शनिवार की रात बेबी केयर न्यू बॉर्न अस्पताल में आग भीषण आग लग गई। इस हादसे में सात मासूमों की मौत हो गई। हादसे के बाद राष्ट्रपति, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने दुख जताया। दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, विवेक विहार अस्पताल में आग लगने की घटना को लेकर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सचिवालय में बैठक बुलाई है। बैठक में दिल्ली में बढ़ती गर्मी को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे। आग में सुरक्षित बचाए गए सभी नवजात का दिल्ली के निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज होगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आदेश दिया कि घटना में बचाए गए बच्चों को दिल्ली के बेहतर निजी अस्पताल में नि:शुल्क उपचार दिया जाए। उन्होंने फरिश्ते योजना के तहत सुविधा देने का निर्देश दिया है।



### लापरवाही का जिम्मेदार बख्शा नहीं जाएगा : सीएम केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी नवजात बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए पोस्ट की है। उन्होंने लिखा कि बच्चों के अस्पताल में आग की ये घटना हृदयविदारक है। इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया उनके साथ हम सब खड़े हैं। घटनास्थल पर सरकार और प्रशासन के अधिकारी घायलों को इलाज मुहैया करवाने में लगे हुए हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जो भी इस लापरवाही का जिम्मेदार होगा वो बख्शा नहीं जाएगा।





### दोषियों को सजा मिलेगी : एलजी

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक्स पर लिखा, दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगने की दुखद घटनाओं की मुख्य सचिव से जांच कराने को कहा है। साथ ही पुलिस कमिश्नर को सभी आवश्यक चीजें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी को राहत का आश्वासन देता हूं और सुनिश्चित करूंगा कि दोषियों को सजा दी जाए। एलजी वीके सक्सेना और स्वास्थ्य मंत्री ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

# बंगाल में केंद्रीय बलों की भूमिका से खुश नहीं है भाजपा : अभिषेक

» राज्य में लोकसभा चुनाव हार रही है मोदी सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की भूमिका से खुश नहीं है जिसका मतलब है कि पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव हार रही है। डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के बज बज में एक रोड शो में बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके चुनाव जीतने की उम्मीदें लगा रखी हैं।

उन्होंने कहा, अब तक जो सामने आया है वह यह है कि भाजपा केंद्रीय बलों द्वारा निभाई गई भूमिका से खुश नहीं है। यह इंगित करता है कि भाजपा हार की राह पर है। उन्होंने कहा, भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग करके जीत की उम्मीद जताई थी,



लेकिन यह अब एक दूर का सपना बन गया है। जितना अधिक केंद्रीय बल होगा तृणमूल के लिए उतना ही बेहतर होगा। बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी विभाजनकारी राजनीति में विश्वास नहीं करती है और राज्य में किसी भी प्रकार के भेदभाव की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा, इस बार केंद्र में एक प्रगतिशील और लोकतांत्रिक सरकार बनेगी तथा पश्चिम बंगाल के सभी वित्तीय बकाए का भुगतान किया जाएगा।

# मोदी ने किसानों को देशद्रोही बताया: प्रियंका


» बोलीं- देश तरक्की कर रहा है तो किसानों की तरक्की क्यों नहीं हो रही

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पंजाब। प्रियंका गांधी पंजाब के दौरे पर हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी फतेहगढ़ साहिब लोकसभा क्षेत्र के खन्ना के राहौण मंडी में न्याय संकल्प रैली में पहुंची हैं। प्रियंका गांधी के साथ पंजाब के सीनियर कांग्रेसी लीडर भी मौजूद हैं। वह इस लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के लिए प्रचार करने आई हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आपने गोदी मीडिया की बात की, आपने खुद देखा, किसान आंदोलन में गोदी मीडिया का क्या रोल रहा। मोदी ने आपको देशद्रोही का दर्जा दिया। तो पूरे देश की गोदी मीडिया ने आपको यही दिखाया।

आपके संघर्ष आंसू नहीं दिखाए। जब यूपी में 6 किसानों को भाजपा नेता के बेटे ने अपनी जीप के नीचे कुचल दिया तो कहा कि किसान उपद्रवी थे। जबकि वे शांति से आंदोलन कर रहे थे। जब मैं लखीमपुर खीरी गई तो मुझे गिरफ्तार कर लिया गया, उस मंत्री के बेटे को गिरफ्तार नहीं किया गया।





### कांग्रेस ने पंजाब को सबसे ज्यादा घाव दिए : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुरदासपुर के दीनानगर में एक रैली को संबोधित करने आए। इस रैली से उन्होंने गुरदासपुर, अमृतसर और होशियारपुर लोकसभा सीटों को साधा। अपने संबोधन में मोदी ने राहुल गांधी और भगवंत मान सरकार को निशाने पर रखा। मोदी ने कहा कि राष्ट्र रक्षा हो, आस्था और संस्कृति की रक्षा हो या फिर देश का विकास... पंजाब ने, सिख समाज ने हमेशा आगे बढ़कर काम किया है। गुरदासपुर का तेज विकास हो, पंजाब का तेज विकास हो और देश का तेज विकास हो, अपने तीसरे कार्यकाल में मैं आपकी उम्मीदों पर खरा उतरुं, इसलिए मैं आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं। मोदी ने कहा कि पंजाब गुरु नानक देव जी की धरती है। गुरदासपुर से भाजपा का खास नाता रहा है। इसलिए चार बार सांसद रह चुके विनोद खन्ना को आज भी गुरदासपुर की जनता याद कर रही है। सेलिब्रिटी की दुनिया अलग होती है लेकिन वह जमीन से जुड़ा होता है। सांसद विनोद खन्ना ने लोकसभा हलके में ऐसे विकास कार्य किए जो किसी भी नेता की तरफ से अभी तक नहीं किए गए। पीएम ने कहा कि आज एक ओर भाजपा-एनडीए है, विकसित भारत का स्पष्ट विजन है, राष्ट्र प्रथम का संकल्प है, 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है, भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार है। वहीं दूसरी ओर इंडी गठबंधन है जो घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी, घोर परिवारवादी है।

# आईपीएल-2024 ट्रॉफी पर केकेआर का कब्जा

» एकतरफा मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का किताब कोलकाता नाइट राइडर्स ने जीता है। फाइनल के एक तरफा मुकाबले में कोलकाता ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराया है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने सिर्फ 113 रन बनाए थे। जिसे कोलकाता नाइट राइडर्स दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से



रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरू गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलायी। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी। गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभायी जो जानते हैं कि रणजी ट्राफियां कैसे जीती जाती हैं। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गयी और टॉस जीतकर बल्लसेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गयी।

### आईपीएल फाइनल का रहा सबसे कम स्कोर

यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया।



# मानहानि केस: यूपी कोर्ट में पेश नहीं हुए राहुल

### » चुनाव प्रचार का हवाला देकर मांगा समय, अगली सुनवाई 7 जून को

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मानहानि केस में सोमवार को यूपी की एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश नहीं हुए। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई 7 जून को रखी है। बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक बयान को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ 2018 में ये मानहानि केस दर्ज कराया था। राहुल गांधी को सोमवार को कोर्ट में पेश होना था। उनके वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने कोर्ट में एप्लीकेशन देकर बताया कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त हैं।

उन्हें कोर्ट में पेश होने के लिए समय चाहिए। जज शुभम वर्मा ने राहुल के वकील की इस मांग को मानते हुए 7 जून को अगली सुनवाई तय की। दरअसल, राहुल गांधी ने 4 अगस्त 2018 को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमित शाह को लेकर ये कथित आपत्तिजनक बयान दिया था। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु में की गई इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह को हत्यारा कहा था। याचिकाकर्ता का कहना है कि जिस मामले को लेकर राहुल ने ये टिप्पणी की, उसमें सुप्रीम कोर्ट ने शाह को निर्दोष घोषित किया है. ऐसे में यह बयान मानहानि के लिए पर्याप्त सबूत है।



### कोर्ट से भाग रहे राहुल गांधी : बीजेपी

बीजेपी नेता की ओर से पेश वकील संतोष कुमार पांडे ने सुनवाई के दौरान कहा, राहुल कोर्ट से भाग रहे हैं। कोर्ट ने दिसंबर में राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया था। इसके बाद राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा से 20 फरवरी को ब्रेक लिया था और कोर्ट में पेश हुए थे। कोर्ट ने तब उन्हें जमानत दे दी थी।

## पूरे देश ने दी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि

### » पीएम मोदी व कांग्रेस नेता सोनिया ने भी याद किया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस नेताओं ने नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई दिग्गज नेताओं ने पूर्व को याद किया। इससे पहले दिन में कांग्रेस नेताओं ने नेहरू को की समाधि स्थल शांति वन पर जाकर पुष्प अर्पित किए।





### स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता थे पं. नेहरू : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि मैं पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत के पहले प्रधान मंत्री और स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी, नेहरू का 1964 में 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



### आधुनिक भारत के शिल्पकार थे पूर्व पीएम : खरगे

पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री व हमारे प्रेरणास्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है। उन्होंने कह कि नेहरू लोकतंत्र के समर्पित संरक्षक और हमारे प्रेरणा स्रोत थे।



फोटो: 4 पीएम



**गर्मी में हांफने लगे ट्रांसफॉर्मर**

गर्मी का असर शहर के ट्रांसफर्मर्स पर भी देखने को मिल रहा है जैसे ही तापमान बढ़ जाता है, ट्रिपिंग होने लगती है। इस वजह से शहर में बार-बार पावर कट हो रहा है। आखिरकार इस समस्या से निपटने के लिए इन ट्रांसफर्मर्स के पास बड़े-बड़े कूलर्स लगा दिए गए हैं। इससे इनका तापमान नियंत्रित रखा जा रहा है। जब से कूलर लगाए गए हैं, तब से ट्रिपिंग कम हो रही है।

## पुणे पोर्श हादसे में सामने आई नई साजिश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पुणे। देश में इन दिनों पुणे में हुए सड़क हादसे की चर्चा हो रही है। यहां एक तेज रफ्तार लग्जरी कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। कार 17 साल का नाबालिग चला रहा था, जो शराब के नशे में धुत था। इस मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं।

अब पुणे पुलिस ने नाबालिग के खून के नमूने से छेड़छाड़ करने और सबूत नष्ट करने के आरोप में दो डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 19 मई को सुबह करीब 11 बजे ससून अस्पताल में लिया गया खून का नमूना अस्पताल के कूड़ेदान में फेंक दिया गया और दूसरे व्यक्ति का खून का नमूना लिया गया और फोरेंसिक लैब में भेजा गया। सीएमओ श्रीहरि हाल्नोर ने इस खून के नमूने को बदल दिया। जांच के दौरान हमने पाया कि ससून के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के एचओडी अजय तावरे के निर्देश पर श्रीहरि हल्नोर ने इसे बदला था।

### » पुलिस का खुलासा नाबालिग के खून के नमूने से की गई छेड़छाड़

### » आरोप में दो डॉक्टर गिरफ्तार



### फोरेंसिक विभाग के प्रमुख भी गिरफ्तार

पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया कि ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों को नाबालिग के खून के नमूनों से कथित छेड़छाड़ और सबूत नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में अस्पताल के फोरेंसिक विभाग के प्रमुख भी शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान डॉ. अजय तावरे और श्रीहरि हरनोर के रूप में हुई है। फिलहाल क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच कर रही है।

## उत्तर भारत में गर्मी से सहमे लोग

### » पूर्वी तट में चक्रवात ने डराया, यूपी में रेड और येलो अलर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी में राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में रात हो या दिन, दोनों इस कदर तप रहे हैं कि गर्मी का नाम लेने से भी लोग घबराने लगे हैं। रविवार तपती दोपहरी में लू जैसी गर्म हवा के थपेड़ों ने सड़कों पर चलना दूभर कर दिया। रात के वक्त वातावरण की गर्मी अलग बेहाल कर रही है।

फिलहाल सोमवार को भी ऐसे ही मौसम के आसार मौसम विभाग जता रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, मंगलवार से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, रविवार को राजधानी का अधिकतम



तापमान 43.5 डिग्री रहा। रात भी इस सीजन में दूसरी सबसे गर्म रात ही और न्यूनतम तापमान 31.1 डिग्री रहा। इससे पहले 18 मई को लखनऊ का दिन का पारा 44.2 डिग्री तक दर्ज हुआ था।आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पछुआ हवा ने लू जैसे हालात बना दिए हैं। हालांकि लखनऊ में अभी तक एक दिन भी लू नहीं चली है। पारा कुछ चढ़ता है तो लू का सामना करना पड़ सकता है।मौसम विभाग के मुताबिक, आज दिन का तापमान 43 डिग्री और रात का पारा 31 डिग्री के आसपास रहने के आसार हैं। रात के गर्म होने को लेकर चेतावनी भी जारी की गई है। मौसम विभाग ने जो पूर्वानुमान एक जून तक के जारी किए हैं, उसके मुताबिक, 30 जून के आसपास बादल छाने के आसार हैं। हालांकि तापमान में एक डिग्री का ही उतार-चढ़ाव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात रेमल बंगाल तट से टकरा चुका है। इसके प्रभाव से कई इलाकों में बारिश हुई। 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। यह तूफान रविवार की रात साढ़े आठ बजे बांग्लादेश में मोंगला के दक्षिण-पश्चिम के पास सागर द्वीप और खोपुपारा के बीच आया। मूसलाधार बारिश के कारण घरों और खेतों में पानी भर गया। कोलकाता के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक संजय शर्मा द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। संपादक - संजय शर्मा, विधि सलाहकार: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, वित्तीय सलाहकार: संदीप बंसल, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, दूरभाष: 0522- 4078371 । Email: daily4pm@gmail.com । website: www.4pm.co.in ।
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।